पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर )

----

# राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस शिविर–2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एन.सी.सी. कैडेटों को पदक और प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया

----

## कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम जोश, उत्साह और राष्ट्रप्रेम दर्शाने वाला

----

## युवाओं को प्रशिक्षित करने में एन.सी.सी. का योगदान सराहनीय

----

## युवाओं का दायित्व है, देश को आगे ले जाना

----

## आगामी पीढ़ी का स्वस्थ और भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूक होना जरूरी

----

## विविधता में एकता भारत की शक्ति है, जब प्रदेश आगे बढ़ता है तो देश आगे बढ़ता है

----

## लड़का–लड़की में फर्क न करें, बेटियाँ भी साहस के कार्य करें

–राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल

----

## एन.सी.सी. का उद्देश्य युवाओं को अनुशासित करना और देश प्रेम सिखाना

–ए.डी.जी. एन.सी.सी. उ0प्र0, मेजर जनरल विक्रम कुमार

----

लखनऊ : 03 फरवरी, 2024

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन के गांधी सभागार में आयोजित भव्य समारोह में नई दिल्ली में सम्पन्न राष्ट्रीय

गणतंत्र दिवस शिविर एवं परेड–2024 में सफलतापूर्वक सहभागिता कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एन.सी.सी. के कैडटों को पदक एवं प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने सभी पदक विजेता और नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस शिविर में सफलतापूर्वक प्रतिभाग करने वाले कैडेट्स को उनकी उपलब्धि और योगदान के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल जी ने एन.सी.सी. कैडेट के इस अंलकरण समारोह में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा कि कार्यक्रम जोश, उत्साह और राष्ट्र प्रेम दर्शाने वाला था। उन्होंने उत्तर प्रदेश की समग्र छवि को प्रदर्शित करने वाले कार्यक्रम की विशेष सराहना की और एन.सी.सी. कैडेट्स को देश के अन्य राज्यों की समग्रता प्रदर्शित करने वाले कार्यक्रम भी राजभवन में प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया।

राज्यपाल जी ने युवाओं को प्रशिक्षित करने में एन.सी.सी. की विशेष सराहना की और कहा कि देश भक्ति के जज्बे के साथ यहाँ की संस्कृति, साहित्य, कला, उत्पादन, समाज कार्य जैसे विविध क्षेत्रों के ज्ञान से समग्र करके इन युवाओं को जो प्रशिक्षण एन.सी.सी. से आज प्राप्त हो रहा है, वे भविष्य में जब अपने सामाजिक जीवन से जुड़ेंगे तब उनके काम आएगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री जी ने युवाओं को भारत का भविष्य बताया है। आने वाला भारत कैसा हो इसके लिए युवाओं के प्रशिक्षण के कई कार्यक्रम हो रहे हैं। युवाओं की गतिविधियाँ ही देश के भविष्य को बनायेंगी। उन्होंने कहा कि युवाओं का दायित्व है देश को आगे ले जाना।

इसी क्रम में राज्यपाल जी ने देश में अस्पतालों की बढ़ती आवश्यकता और वृद्धाश्रमों की संख्या पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आगामी पीढ़ी का स्वस्थ होना और अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक होना भी जरूरी है। उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए मोटे अनाज की उपयोगिता पर विशेष चर्चा की और इस क्रम में हाल ही में राजभवन में आयोजित श्री अन्न प्रतियोगिता में प्रदर्शित पौष्टिक व्यंजनों की जानकारी भी दी।

राज्यपाल जी ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए माता–पिता के प्रति संवेदनशील रहने को प्रेरित किया और भारतीय परम्पराओं के अनुसार वृद्धावस्था में उनकी सेवा करने और परिवार में ही साथ में रखने को कहा। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम हमारी संस्कृति और परम्परा में नहीं हैं।

एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा प्रदर्शित विविधतापूर्ण कार्यक्रम की चर्चा करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि विविधता में एकता भारत की शक्ति है। जब प्रदेश आगे बढ़ता है तो देश आगे बढ़ता है। देश की लगभग 140 करोड़ की आबादी मिलजुल कर कार्य करती है, तो एक भारत श्रेष्ठ भारत का निर्माण होता है। उन्होंने देश के विकास में लड़कियों को भी समग्रता से योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि माता–पिता लड़के, लड़कियों में फर्क न करें, बेटियाँ भी साहस के कार्य करें।

राज्यपाल जी ने अपने सम्बोधन में गुजरात की सीमा पर स्थित स्कूलों में एन.सी.सी. और सेना के पदाधिकारियों द्वारा शिक्षण कार्य भी करके बच्चों को उचित दिशा प्रदान करने के संस्मरण भी साझा किए।

कार्यक्रम में एन.सी.सी. निदेशालय उत्तर प्रदेश से ए.डी.जी. मेजर जनरल विक्रम कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि एन.सी.सी. का उद्देश्य युवाओं को

अनुशासित करना और देश प्रेम सिखाना है। उन्होंने राज्यपाल जी के समक्ष उत्तर प्रदेश एन.सी.सी. वार्षिक प्रगति विवरण और उपलब्धियों की चर्चा भी की। उन्होंने कहा कि एन.सी.सी. का आदर्श वाक्य है 'एकता और अनुशासन'।

यहाँ उल्लेखनीय है कि आज के कार्यक्रम में गणतंत्र दिवस शिविर में उत्तर प्रदेश एन.सी.सी. निदेशालय के प्रतिभागी 122 कैडटों ने अपनी प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें 74 लड़के और 48 लड़कियाँ शामिल रहीं।

उत्तर प्रदेश के उनके उत्कृष्ट प्रतिनिधित्व की मान्यता में, माननीय राज्यपाल ने छह कैडेटों को प्रतिष्ठित गवर्नर गोल्ड मेडल और छह को गवर्नर सिल्वर मेडल से सम्मानित किया। इसके अलावा, एनसीसी निदेशालय के 14 समर्पित स्टाफ सदस्यों को गणतंत्र दिवस शिविर के दौरान नई दिल्ली में गहन प्रतिस्पर्धा के लिए इन कैडेटों को तैयार करने में उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

माननीय राज्यपाल जी द्वारा व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत एक बैनर के साथ गाजियाबाद के एनसीसी समूह को एक विशेष प्रशंसा दी गई, जिसे उत्तर प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ समूह घोषित किया गया था।

कार्यक्रम में एन.सी.सी. के पदाधिकारी, कैडेट्स तथा राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

-----

संपर्क :
डा0 सीमा गुप्ता, सहायक निदेशक
कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361

INVESTITURE CEREMONY OF REPUBLIC DAY
CONTINGENT 2024 OF NCC DIRECTORATE U.P.
BY